an>

Title: Need to establish a railway halt station at Suryakund or Bedi Pulia at Chitrakoot in Banda Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) ः मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चित्रकूट धाम प्रसिद्ध तीर्थ व पर्यटन स्थल आता है। प्रतिदिन हजारों यात्री रेल द्वारा आते हैं, जिन्हें नज़दीक हाल्ट स्टेशन न होने से भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। यात्रियों की संख्या प्रतिमाह अमावस्या को तो लाखों में पहुँच जाती है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि सूर्यकुण्ड व बेड़ी पुलिया के पास एक चित्रकूट द्वार के नाम से हाल्ट स्टेशन बनाने की अतिशीघ्र कृपा करें।